तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## गोधस जलप्रपात : 200 मीटर की ऊंचाई से गिर रही जलधारा

### प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा पिकनिक स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पूर्वि भारत में स्थित ओडिशा कई खूबसूरत जगहों पर और बेजोड़ प्राकृतिक सुन्दरता का घर है। बेजोड़ प्राकृतिक नजारों का घर होने के बावजूद भी ओडिशा आज भी पर्यटकों की नजरों से दूर हें। प्राचीन वास्तुकला से निर्मित मंदिर, समुद्र और खुबसूरत झरने है, जी हां झरने, ओडिशा में कई ऐसी खूबसूरत झरने है, जो ओडिशा के पर्यटन में खास भूमिका निभाते हैं। ज्ञात हो कि रसेला से 7 किलोमीटर दूर पर ओडिशा बार्डर की शुरुआत हो जाती है। रसेला से धरमबाधा 15 किलोमीटर वहीं धरमबाधा से गोधस 10 किलोमीटर दूर पर स्थित है। झरना सुनाबेडा वन्यजीव अभयारण्य में है और ▶▶|शेष पेज 10 पर





### प्राकृतिक स्नान का आनंद और रंग-बिरंगे पक्षियों का बसेरा

गोधस झरना इस क्षेत्र के सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक है। गोधस जलप्रपात देखने का सबसे अच्छा समय मानसून जून से सितम्बर के दौरान होता है, जब झरना अपने पूरे चरम पर होता है। इस खूबसूरत झरने, जिनकी शीतलता मन को और आत्मा को शांति पहुंचाती है। जहां अक्सर प्रकृति प्रेमी रंग बिरंगे पक्षियों को निहारने पहुंचते हैं। इसलिए दूर-दूर से पर्यटक इस झरने की सैर करने आते हैं। सर्दियों के दौरान अधिक पर्यटक यहां आकर्षित होते हैं। यहां पानी को नीचे गिरते हुए देखना एक रोमांचक अनुभव साबित होता है। आस-पास का क्षेत्र हरा भरा होने के कारण पर्यटकों को यह जगह और ज्यादा लुभाती है। हरे भरे वातावरण के बीच पानी की आवाज इस स्थान पर बांधे रखेगी।

## खबर संक्षेप

### तन्मय कश्यप का नवोदय में चयन

**मैनपुर।** विकासखंड देवभोग अंतर्गत ग्राम गिरसुल के होनहार छात्र तन्मय कश्यप ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। तन्मय की इस उपलब्धि से न केवल उनका गांव गौरवान्वित हुआ है, बल्कि सरस्वती शिशु मंदिर, देवभोग, पूरे गरियाबंद जिले, कश्यप समाज और उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। तन्मय की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन और माता–पिता का निरंतर सहयोग रहा। ग्रामीण परिवेश से निकलकर 76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तन्मय ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत सच्ची हो और परिवार, विद्यालय तथा गुरुजनों का मार्गदर्शन साथ हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।



### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मचेवा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 जुलाई को ग्राम मचेवा की रितु देवांगन के साथ गाली गलौज करते हुए उसके हुलस देवांगन ने डंडे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम कुटेला के तालाब पुलिया के पास एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी शोभाराम मांझी पिता प्रेमलाल मांझी (36 साल) माधोपाली थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शीतला मंदिर में माता पहुंचनी कल

**बागबाहरा।** शीतला मंदिर ढांगा डिपरा (थाना पारा) वार्ड नंबर 4 में 9 जुलाई गुरुवार को माता पहुंचनी का कार्यक्रम रखा गया है। समिति द्वारा ठंडाई एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही माता मंदिर में जसगीत का कार्यक्रम होगा। समिति के संरक्षक व नगर पालिका बागबाहरा के उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू ने समस्त मोहल्लेवासी एवं नगरवासियों को मंदिर पहुंचकर मां शीतला का आशीर्वाद लेने का अनुरोध किया है।

### खट्टी में 16 को निकलेगी रथयात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा तथा आयोजन समिति के करण, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, ने सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### खतरा : पुराना नेहरू पुल पहले ही बंद, नए पुल पर संकरे रास्ते और रफ्तार के कारण रोज हो रहे हादसे

## महानदी पर बना नया पुल भी होने लगा जर्जर,17 जगहों पर निकल आई सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रायपुर-देवभोग नेशनल हाइवे 130 मार्ग पर राजिम में पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल के दो पिलर क्षतिग्रस्त होने से आवागमन पूरी तरह बंद किया गया। इसी के बाजू से नए पुल का निर्माण भी कुछ वर्ष पहले की गई। हैरानी की बात यह है कि नए पुल में भी 17 जगहो पर सरिया बाहर निकल आया है। कहना न होगा कि यह एक तरह से खतरे की घंटी भी है और जर्जर होने के संकेत। महानदी पर बना पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल कभी राजिम और आसपास के क्षेत्रों की जीवनरेखा माना जाता था। वर्षों तक इस पुल ने लाखों लोगों का आवागमन सहज बनाया, लेकिन समय के साथ यह पुल इतनी जर्जर अवस्था में पहुंच गया कि सुरक्षा की दृष्टि से इसे पूरी तरह बंद करना पड़ा। वर्तमान में इस पुल से किसी भी प्रकार का आवागमन प्रतिबंधित है। विभागीय जानकारी के अनुसार पुल के दो पिलर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं, जिसके कारण इस पर लोगों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। पुराने पुल के बंद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए उसके समीप नया पुल बनाया गया। लोगों को उम्मीद थी कि अब लंबे समय तक सुरक्षित और सुगम आवागमन मिलेगा, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अभी नया पुल अधिक पुराना भी नहीं हुआ है और उसमें भी खराबी के संकेत स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। मंगलवार को इस पुल से गुजरते वक्त इस प्रतिनिधि सहित दर्जनो लोगों ने देखा कि नए पुल में करीब 17 स्थानों से लोहे की सरिया कांक्रीट को चीरकर बाहर निकल आई है। यह केवल चिंता का नहीं बल्कि पुल की मजबूती और टिकाऊपन से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि इस प्रकार की स्थिति बन रही है तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।





### खुली कंक्रीट और जंग का मंडरा रहा खतरा

सरिया खुल जाने से उसमें जंग लगने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे पुल की संरचना कमजोर होने लगती है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो भविष्य में बड़े नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता। सबसे चिंताजनक बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी इस स्थिति से अनजान नहीं हैं। पुल की खराब होती स्थिति सभी के सामने है, फिर भी अब तक कोई प्रभावी मरम्मत या स्थायी समाधान दिखाई नहीं दे रहा। जबकि यह पुल प्रतिदिन हजारों लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है और इसकी सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर, पूरी तरह बंद पड़े पुराने पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल को लेकर भी विशेषज्ञों और नागरिकों की राय है कि यदि उसके क्षतिग्रस्त दो पिलरों की मरम्मत कर दी जाए अथवा आवश्यक होने पर नए पिलर स्थापित कर दिए जाएं, तो इस पुल को दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। इससे नए पुल पर यातायात का दबाव भी कम होगा और लोगों को एक वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग भी मिल जाएगा।

### पुराने पुल के पिलरों की हो मरम्मत

राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश का महत्वपूर्ण नगर है। वर्षभर यहां श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में महानदी पर बने दोनों पुलों की सुरक्षा और मजबूती केवल एक निर्माण कार्य का विषय नहीं, बल्कि जनसुरक्षा और क्षेत्र के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग तत्काल तकनीकी जांच कराकर नए पुल पर जहां-जहां सरिया बाहर निकल आई है, वहां उच्च गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य कराए। साथ ही पुराने पुल की तकनीकी समीक्षा कर उसके ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बजाड़ी से दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वन परिक्षेत्र इंदागांव (देवभोग) के वन अमले ने रात्रि गश्त के दौरान ग्राम बजाड़ी में एक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार 06 जुलाई 2026 की रात ग्राम बजाड़ी के जनपद सदस्य सुभाष यादव ने गांव में पैंगोलिन दिखाई देने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अश्वनी दास मुरचूलिया के नेतृत्व में वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने सावधानीपूर्वक पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे संरक्षण में ले लिया इस रेस्क्यू अभियान में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चन्द्र पात्र, वन रक्षक लम्बोदर सोरी, पुरुषोत्तम धुर्वा, कौशल ध्रुव, सुरक्षा श्रमिक लुद्रास नागेश तथा वाहन चालक महेन्द्र सिंह चन्द्राकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव दिखाई दे तो उसे नुकसान न पहुंचाएं और तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## कांदागढ़ी में भारी बारिश से पूर्व सरपंच सहित दर्जनों किसानों के खेत तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत मोंगरा के आश्रित ग्राम कांदागढ़ी में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने ऐसा तांडव मचाया है कि देखते ही देखते किसानों की गाढ़ी कमाई और महीनों की मेहनत पानी में बह गई है। इलाके के खेत-खलिहान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं, जिससे किसानों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। इस तबाही की चपेट में आने वाले किसानों की सूची बहुत लंबी है। गांव के पूर्व सरपंच बलराम नीलवंशी, ठाकुर राम, गनंपत, खैयसिग नेताम, पवन नेताम, बागटी बाई, सीधाराम, सोनसाय, छेलया, साधुराम, रामेश, मुकेश, शोभाराम, मोहना और ▶▶|शेष पेज 10 पर





## हीरा अलेक्जेंडर के खनन से प्रदेश देश का पहला टैक्स फ्री राज्य हो सकता है : महंत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास मंहत मंगलवार को पहली बार गरियाबंद जिले के मैनपुर नगर पहुंचे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पश्चात नहानबिरी पैरी सदन पहुंचे,जहां विधायक जनक ध्रुव ने अपने निवास में श्री महंत का परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे गरियाबंद जिले से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओ व क्षेत्र के लोगों से मुलाकात किया और क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने नेता प्रतिपक्ष को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास मंहत ने कहा की केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह असफल है। महंगाई तेजी से बढ़ रही है पेट्रोल डीजल का दाम आसमान छू रहा है रोजमर्रा के वस्तुओं के दाम बढने से मध्यम वर्गीय और गरीब तबके के लोग बेहद परेशान हो गए हैं। श्री महंत ने राज्य के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कहा की पिछले ढाई वर्षों में छत्तीसगढ को डुबाने के अलावा आदिवासियों को परेशान करने के अलावा, रेत माफिया को बढावा देने के अलावा, हर ब्लॉक और हर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

## सुरक्षित यातायात के लिए चालकों का स्वस्थ होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए गरियाबंद पुलिस द्वारा मंगलवार को रायपुर रोड स्थित पुलिस कार्यालय परिसर में विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तचाप (बीपी), शुगर एवं नेत्र परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच निःशुल्क की गई।



स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श के साथ लोगों को नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जनहित के कार्यों में पुलिस सक्रिय

यातायात डीएसपी लितेश सिंह ने बताया कि विशेष रूप से वाहन चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ चालक ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था की आधारशिला हैं। शिविर के माध्यम से चालकों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर के विभिन्न पुलिस विभागों द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गरियाबंद पुलिस भी लगातार जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। जिले के मालगांव, बारूका सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरियाबंद पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को नशामुक्ति, साइबर अपराध से बचाव, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाते हुए सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है।



## गोबरा नवापारा को मिला नया तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

गोबरा नवापारा तहसील को नए तहसीलदार के रूप में चंद्रशेखर मंडई मिले हैं। उन्होंने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद तहसील कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के दौरान तहसील कार्यालय का माहौल आत्मीयता और उत्साह से भरा रहा। तहसील परिवार ने नवपदस्थ तहसीलदार का अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राजस्व प्रशासन और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनेगा। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सहयोग का भरोसा भी दिलाया। नवपदस्थ तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई ने स्वागत के लिए तहसील परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध प्रशासन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान तथा शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नवपदस्थ ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**रायपुर।** एकात्म परिसर में भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर उनको याद किया। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी जी को जयंती में याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सम्मेलन में मुख्य रूप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, संभाग सहप्रभारी डॉ. राजीव सिंह एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू, संजय श्रीवास्तव, अमरजीत छाबड़ा, नंदकुमार साहू, वर्णिका शर्मा, डॉ. सलीम राज, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, मिर्जा एजाज बेग, सीमा साहू, गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष ललित जयसिंग, अकबर अली, नवीन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुम्हारी टोल प्लाज़ा बंद होने का दावा झूठा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर कहा, रायपुर सांसद ने जून 2026 को कुम्हारी टोल प्लाज़ा को बंद होने का दावा किया था। हर दावे की तरह यह दावा भी खोखला निकला। कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की ख़बर का ख़ूब प्रचार प्रसार किया गया था बकायदा मैं पोस्ट करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार भी जताया गया था। अब तक तो जनता को झूठा आश्वासन देते थे, लेकिन अब भाजपा के सांसद को भी ठगा गया है या कोई मिलीभगत है। उन्होंने कहा, भाजपा की राजनीति अब केवल घोषणाओं, सोशल मीडिया पोस्ट और श्रेय लेने तक सीमित रह गई है। जनता जानना चाहती है कि जब टोल प्लाजा आज भी चालू है और लोगों से टोल वसूला जा रहा है। केवल भविष्य की घोषणा कर जनता को भ्रमित करना और उसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करना भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है।

### छत्तीसगढ़ में जमीन डायवर्सन शुल्क में मिलेगी 100 फीसदी तक की छूट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) शुल्क में बड़ी राहत देने का फैसला किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से लेकर बड़े उद्योगों, निजी औद्योगिक पार्कों, लॉजिस्टिक हब और प्लग एंड प्ले औद्योगिक परियोजनाओं के लिए डायवर्सन शुल्क में 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया है। इसके साथ ही इस संबंध में 14 सितंबर 2022 को जारी आदेश निरस्त कर दिया गया है। औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की पहलआदेश के अनुसार, राज्य की लागू औद्योगिक विकास नीति और लॉजिस्टिक्स नीति के तहत पात्र इकाइयों को निर्धारित शर्तों के अनुरूप यह रियायत मिलेगी। सरकार का उद्देश्य औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआती लागत कम करना और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। आदेश के अनुसार पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिकतम 15 एकड़ भूमि के डायवर्सन पर 50 प्रतिशत शुल्क छूट मिलेगी।

### बासीन में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन का विधायक ने किया भूमिपूजन

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बासीन में 30 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से बनने वाले भव्य महतारी सदन का भूमिपूजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में पारंपरिक पूजा–अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि रोहित साहू ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित निर्माण स्थल का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने की बात को दोहराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि महतारी सदन का निर्माण हमारी माताओं और बहनों के लिए का एक प्रमुख केंद्र बनेगा।इसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज का दिन हमारी माताओं और बहनों के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन है।ग्राम पंचायत बासीन में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के स्वाभिमान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का केंद्र बनेगा। अक्सर गांवों में हमारी माताओं–बहनों को सामाजिक बैठकों, महिला स्व सहायता समूह की गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों या किसी भी महत्वपूर्ण चर्चा के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान की कमी खलती थी। यह महतारी सदन उस कमी को पूरी तरह दूर करेगा।यहाँ हमारी बहनें संगठित होकर नए कौशल सीख सकेंगी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।हमारी सरकार और मेरा संकल्प क्षेत्र के हर गाँव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। बासीन का विकास मेरी प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है और आने वाले दिनों में यहाँ विकास के कई और बड़े कार्य देखने को मिलेंगे।





#### कौशल विकास और स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

इस महतारी सदन के बन जाने से ग्राम पंचायत बासीन और आसपास की महिलाओं को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मंच मिलेगा, यहाँ महिलाएं स्व सहायता समूहों की बैठकें आयोजित कर सकेंगी साथ ही विभिन्न कौशल विकास व स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगी। इसके अलावा सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन सुचारू रूप से कर पाएँगी। लंबे समय से गाँव में महिलाओं के लिए एक व्यवस्थित भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 30 लाख रुपए की राशि से बनने वाले इस आधुनिक सदन की सौगात मिलने पर बासीन के ग्रामीणों,विशेषकर महिला शक्ति ने रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रामविशाल ओगरे, रोशन डहरिया जनपद सदस्य, सहकारी समिति अध्यक्ष गोपचंद बैनर्जी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुंदन सेन, दिनेश साहू बूथ अध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि ओमप्रकाश रात्रे, पालेश्वर साहू, डॉ. रोशन सार्वा, दिनेश साहू, लक्ष्मीकांत साहू, एवन सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में माताएं–बहनें उपस्थित थीं।

# संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

### आम जनता व व्यापारी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते प्रदेश के कई जिलों में बिजली आपूर्ति ठप है। स्थिति यह है कि कहीं दो दिन तो कहीं सप्ताह भर से लाइट बंद पड़ी है, जिससे आम जनता, किसान और व्यापारी वर्ग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारी अपने एक सूत्रीय मांग, नियमितीकरण को लेकर 22 जून 2026 से हड़ताल पर हैं। कंपनी प्रबंधन से वार्ता विफल होने के बाद हड़ताल जारी है। मालूम हो कि इस हड़ताल के चलते अधिकारी-कर्मचारी वर्ग परेशान है फील्ड में नियमित कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण फॉल्ट सुधार नहीं हो पा रहा। अधिकारी लगातार फील्ड में हैं, लेकिन मेंटेनेंस के लिए आवश्यक मैनपावर नहीं मिलने से व्यवस्था संभालना मुश्किल हो रहा है। प्रदेश के अधिकतर ग्रामीण इलाकों और कुछ शहरी क्षेत्रों में संविदा कर्मचारी ही मैदानी अमले को संभाले हुए थे। उनके हड़ताल पर चले जाने से विद्युत आपूर्ति बनाए रखना काफी मुश्किल हो चुका है। छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी संविदा कर्मचारियों की मांग को जायज बताते हैं तथा उनका समर्थन भी करते हैं। अधिकारी-कर्मचारी चाहते हैं कि जल्द ही संविदा कर्मचारियों की मांगों का निराकरण हो ताकि वे मैदान में उतरकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर सकें। कनिष्ठ, सहायक एवं कार्यपालन अभियंता मानते हैं कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से विद्युत आपूर्ति एवं संधारण कार्य पर गहरा असर पड़ा है। संविदा कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के बाद प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर क्षेत्रीय कार्यालयों को आउटसोर्स कर्मचारी रखने की अनुमति दी है ताकि विद्युत आपूर्ति समय पर बहाल की जा सके। संविदा कर्मियों के बदले रखे जाने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन हेतु प्रबंधन की ओर से राशि जारी नहीं की जाती, जिससे क्षेत्रीय कार्यालयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाएं : विधायक

### सरपंच संघ की बैठक में पहुंचे रोहित साहू, सरपंच सदन के जीर्णोद्धार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्थानीय विश्राम गृह में मंगलवार को फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू विशेष रूप से उपस्थित हुए। इसके साथ ही जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू भी बैठक में शामिल हुई। बैठक में विकासखंड के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों, बुनियादी समस्याओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर सभी सरपंचों ने अपने-अपने विचार साझा किए। विधायक रोहित साहू ने प्रत्येक ग्राम पंचायत की प्राथमिकताओं और वहां आ रही व्यावहारिक समस्याओं के बारे में सरपंचों से क्रमशः चर्चा की। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति तक बिना किसी



बाधा के पहुंचनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से शासकीय विभागों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर विकास कार्यों की गति को दोगुना करने का संकल्प लिया गया। गांवों में पेयजल, सड़क, बिजली और स्वच्छता जैसे आवश्यक मुद्दों पर त्वरित कार्य करने की रूपरेखा तैयार की गई।

**साझा समस्याओं के शीघ्र निराकरण का मिला भरोसा-** इस महत्वपूर्ण बैठक में फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने सभी सरपंचों की ओर से क्षेत्र की साझा समस्याओं और मांगों को विधायक के समक्ष रखा जिस पर विधायक ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।बैठक में ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।इस दौरान विधायक रोहित साहू ने सरपंच संघ की मांग पर ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर स्थित सरपंच सदन के जीर्णोद्धार के लिए घोषणा की जहां कुर्सी, टेबल, पेयजल तथा सभी आवश्यकताओं को पूरी की जाएगी जिससे सरपंच संघ को अपनी बैठकों के लिए उपयुक्त और सर्वसुविधायुक्त स्थान मिल सकेगा। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, महिला उपाध्यक्ष राधिका यादव (कोन्दकेरा), अमिता यादव(बिरोड़ा) पुरुष उपाध्यक्षरू सूरदेव साहू (बारूला), दुलीचंद ओंडे (चौबेबांधा) सचिव तामेश्वर पटेल(सोनेसिल्ली)कोषाध्यक्ष डिगेश्वर साहू (सिंधौरी) मीडिया प्रभारी थानेश्वर साहू (धुरसा), देवेंद्र वर्मा(सिर्रीखुर्द) संरक्षक गजेश्वर सिन्हा, रुपेश साहू सलाहकार कोमल नेताम, डॉ. सियाराम साहू, पदमा मोती निषाद, चुम्मन सिन्हा, निर्मिला पवन यादव, तुमेश्वरी साहू, माधुरी हलधर साहू, त्रिवेणी गजेंद्र साहू, गोदावरी सहदेव बंजारे सहित पूरे विकासखंड के सरपंचगण उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय के वेदांत ने अंडर- 14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जिले के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी वेदांत ठाकुर जिन्होंने अपनी अथक मेहनत अद्भुत खेल कौशल व आत्मविश्वास के दम पर अंडर 14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में स्थान बनाकर सरायपाली ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उनके चयन की खबर से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है।


वेदांत ने पहले रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद 23 एवं 24 जून को नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अलग पहचान बनाई। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी, प्रभावी गेंदबाजी और हरफनमौला खेल को देखते हुए उनका चयन अंडर-14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए किया गया। वर्तमान में वेदांत केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में कक्षा 8वीं के छात्र हैं। उनकी माता कुसुम ठाकुर सरायपाली विकासखंड में शिक्षिका हैं, जबकि उनके पिता धर्मेंद्र ठाकुर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया के निज सहायक हैं।

# आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत व प्रकृति का दिव्य संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारत की आत्मा उसके तीर्थों, संतों और प्रकृति की गोद में बसती है। इन्हीं तीनों का साक्षात्कार जीवन को पूर्णता प्रदान करता है। पूज्यपाद गुरुदेव डॉ. आनंद मतावले जी का कर्नाटक प्रवास श्रद्धा, संस्कृति, आध्यात्मिक चिंतन और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का अनुपम उदाहरण रहा। बेंगलुरु सहित कर्नाटक के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का उनका दर्शन केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के विविध आयामों के साक्षात्कार का प्रेरणादायी अभियान सिद्ध हुआ। बेंगलुरु पहुँचने पर गुरुदेव ने सर्वप्रथम भगवान के श्रीचरणों में प्रणाम कर समस्त मानवता के सुख, शांति और विश्वकल्याण की मंगलकामना की। इसके उपरांत उन्होंने श्री राधा-कृष्ण इस्कॉन मंदिर, दोड्डा बसवाना गुड़ी बुल टेम्पल, श्री गवी गंगाधरेश्वर मंदिर, शिव एवं गणेश मंदिरों सहित अनेक पूजनीय धार्मिक स्थलों में दर्शन-पूजन कर भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के प्रति अपनी गहन श्रद्धा व्यक्त की। अपने प्रवास के दौरान





गुरुदेव ने लालबाग बॉटनिकल गार्डन, कब्बन पार्क, बैनरघट्टा जैविक उद्यान, वृंदावन गार्डन (मैसूर), ब्रिंदावन के संगीतमय फव्वारे, तथा अन्य हरित उद्यानों और प्राकृतिक स्थलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रकृति को ईश्वर का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वृक्ष, जल, वन्यजीव और पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं आध्यात्मिक दायित्व है। यात्रा के दौरान गुरुदेव ने मैसूर के भव्य अम्बा विलास (मैसूर) पैलेस, चामुंडी हिल्स स्थित श्री चामुंडेश्वरी मंदिर, सेंट फिलोमेना कैथेड्रल, टीपू सुल्तान का समर पैलेस, तथा बेंगलुरु पैलेस जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भी भ्रमण किया। इन स्थलों के माध्यम से उन्होंने भारत की समृद्ध स्थापत्य कला, सांस्कृतिक धरोहर और इतिहास के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

### स्मृति ठाकुर के नेतृत्व में युवाओं ने नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति युवक–युवतियों ने मंगलवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के नेतृत्व में मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को सीधी भर्ती के लिए मांग पत्र ज्ञापन सौंपा है। श्री महंत ने उक्त मामले को आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता के साथ रखकर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने की बात कही है।

# जामगांव में भाजपाइयों ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र पुरुष जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जयंती 6 जुलाई को बूथ क्रमांक 11 मंडल फिंगेश्वर जामगांव में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। उनके उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। उनके जयंती जीवनी का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला



अध्यक्ष मिजून साहू,ग्राम पंचायत जामगांव के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती रेणुका डहरे, पूर्व सरपंच अरुण कुमार सिंन्हा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा गरियाबंद के जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिंन्हा सरपंच प्रतिनिधि हीरु डहरे पूर्व जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, जामगांव बूथ क्रमांक 11 के अध्यक्ष सुखीराम दीवान वरिष्ठ पच शिवराम सिंन्हा महिला कमांडो के प्रमुख नीरा साहू महामंत्री महिला मोर्चा मंडल फिंगेश्वर, यशवंत साहू, नीलम कुमार साहू, महेश कुमार साहू, थानू राम साहू, हेमलाल साहू, सरस्वती दीवान, सुखम दीवान सुखांतिन दीवान, कुमारी बाई साहू, धनेश्वरी ध्रुव, कौशल्या साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### गोधस जलप्रपात...

नुआपड़ा जिला से 29 किमी और रायपुर से 144 किमी दूर है। यह झरना 200 मीटर की ऊंचाई से दो भागों में एक ही स्थान पर गिरता है और खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। गोधस झरना ओडिशा में एक छुपा हुआ रत्न है जो शहर के जीवन की हलचल से दूर एक शांतिपूर्ण वापसी प्रदान करता है, जो इसे प्राकृतिक सुन्दरता और शांति की तलाश करने वालों के लिए एक सार्थक गंतव्य बनाता है। झरना स्वच्छ और ठंडा पानी उत्पन्न करता है, जो इस जगह को प्राकृतिक स्नान के लिए अद्भुत बनाता है। सर्दियों में यहां पिकनिक मनाने का सबसे अच्छा समय है। झरना प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर है और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अच्छी जगह है।

### महानदी पर बना....

दो क्षतिग्रस्त पिलरों के पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत की योजना तैयार की जाए, ताकि उसे कम से कम पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहनों के लिए फिर से चालू किया जा सके। जनहित की दृष्टि से यह विषय अत्यंत गंभीर है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है। इसलिए संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि राजिम की जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन का भरोसा मिल सके। खास बात यह है कि इस नए पुल में आपाधापी के माहोल में रोज घटना और दुर्घटनाएं भी होती है क्योंकि दुपहिया सवार रफ्तार में चलते हुए सामने गाड़ी को ओवरटेक करके निकलने की फिराक में रहते है और दुर्घटना हो जाती है क्योंकि जगह सीमित है,केवल दो बड़ी गाड़ियो के आने-जाने लायक ही यह पुल है। इसी बीच दुपहिया वाहनो की बाढ़ रहती है। सभी जल्दबाजी करते है। रफ्तार में चलते है। यदि पुराना पुल को ठीक कर दिया जाए तो दुपहिया सवार और पैदल यात्री यही से चलेंगे।

### कांदागढ़ी में भारी...

धनसिंग समेत दर्जनों ऐसे किसान हैं, जिनकी फसलें इस बेमौसम और भारी बारिश की भेंट चढ़ चुकी हैं। सालों की मेहनत और पाई-पाई जोड़कर खेतों में फसल बोई थी। इस बारिश ने तो हमारी रीढ़ की हड्डी ही तोड़ दी। अब परिवार का पेट कैसे पालेंगे, यही समझ नहीं आ रहा। कांदागढ़ी से आ रही तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। जहां कभी लहलहाती फसलें दिखने की उम्मीद थी, वहां आज सिर्फ और सिर्फ बर्बादी का मंजर नजर आ रहा है। खेतों में पानी भर जाने और मिट्टी बह जाने के कारण फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। पूर्व सरपंच बलराम नीलवंशी और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नुकसान इतना ज्यादा है कि इसकी भरपाई कर पाना अकेले किसानों के बस की बात नहीं है।

**प्रशासन से मुआवजे की गुहार-** इस भीषण बर्बादी के बाद पूरे कांदागढ़ी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पीड़ित किसानों ने अब सरकार और जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। ग्रामीणों की मांग है कि पटवारी और कृषि विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करे। प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता राशि दी जाए ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें। प्रशासन से यह अपील करता है कि अन्नदाताओं के इस दर्द को अनदेखा न किया जाए और कांदागढ़ी के इन बेबस किसानों को तुरंत राहत पहुंचाई जाए।

### हीरा अलेक्जेंडर के...

तहसील में खुनी संघर्ष कराने वाला यह भाजपा सरकार किसानो, मजदूरो, बेरोजगार युवाओं और सभी वर्गो को सिर्फ छलने का कार्य किया है। आज पूरे प्रदेश मे सबसे ज्यादा अन्याय आदिवासी समाज पर हो रहा है श्री महंत ने नकटी गांव को उजाड़ने के मामले पर भारी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस मामले मे किसी को माफ करने लायक नही है इस भरे बरसात मे लोगों के घरों को तोड़ा है। लोगों को घर से बेघर किया है लोगों की आंसु और श्राफ भाजपा सरकार को ले डुबेगी। गरियाबंद जिले के हीरा खदान पर श्री महंत ने कहा हीरा खदान के नाम से आज पूरा दुनिया छत्तीसगढ़ को जानता है। आज यहां इतना हीरा अलेक्जेन्डर कीमती रत्न का भंडार है उसका दोहन कर आज सब टैक्स माफ किया जा सकता है और छत्तीसगढ ही एक ऐसा राज्य बनेगा जो फ्री टैक्स होगा। श्री महंत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की न अब तक हीरा निकला न हीरा निकलने की कोशिश हो रही है। हाई कोर्ट का बहाना कर इस मामले को लटकाया जा रहा है। ऐसा लगता है हीरा खदान मामले पर श्री महंत ने ठहका लगाते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अपने बड़े मित्र का इंतजार कर रहे है और उसी को हीरा खदान सौपेंगें। आज इस क्षेत्र मे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से मुलाकात करने और क्षेत्र के लोगो से मिलने आया था।

**ये रहे शामिल -** इस मौके पर प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधायक जनक राम ध्रुव, सिहावा विधानसभा विधायक अंबिका मरकाम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुकचंद बेसरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव, नेयाल सिंह नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, देवभोग नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी, सोहन नागेश, दुलेन्द्र नेगी, खेदू नेगी, टीकम सिंह कपिल, प्रेमसाय जगत, छबि दिवान, सुकचंद ध्रुव, भुनेश्वर नेगी, तिलक मरकाम, शाहिद मेमन, ललिता यादव, भूपेन्द्र मांझी, हबीब मेमन, तनवीर राजपूत, पारेश्वर नेगी, देवी कमलेश, लोकेश सांडे, डिगेश्वरी सांडे, गुजरात कमलेश, कन्हैया ठाकुर, लिकेश यादव, डोमार साहू, पिले"वर सोरी, नजीब बेग, इम्तियाज मेमन, अर्जुन नायक, बनसिंह सोरी, इमरान खान, अमृत पटेल, चित्रंस ध्रुव, गज्जू नेगी, तीव सोनी, उमेश डोंगरे, पवन जगत, लिलेश साहू, रूपेश मसीह, विष्णु नेताम, पुनीत ध्रुव, लोचन निर्मलकर, हेमलाल बारले, अनुराग वाघे, डीके ठाकुर, भानु सिन्हा सहित सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुरक्षित यातायात के...

लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वाहन चालक, पुलिसकर्मी और शहरवासी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने बताया कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल सके। उप पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित करते हैं। पुलिस विभाग आगे भी समाज के विभिन्न वर्गों के हित में ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### गोबरा नवापारा को...

तहसीलदार का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल को सफल एवं जनहितकारी होने की शुभकामनाएं दीं। नए तहसीलदार के पदभार ग्रहण करने के साथ ही क्षेत्रवासियों को राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीद जगी है।

## खबर संक्षेप




### राजिम भक्तिन माता समिति का चुनाव 12 को

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के पदाधिकारियों का चुनाव 12 जुलाई को होगा। निर्वाचन अधिकारी डॉ. नारायण साहू ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी लाला साहू एवं मिजून साहू मैदान में है। उपाध्यक्ष के लिए आलोक साहू एवं ठाकुर राम साहू है। महिला उपाध्यक्ष शारदा साहू, संगठन सचिव रमेश साहू एवं गीता साहू निर्विरोध हुए है।

### थाना परिसर में रोपे गए बरगद व पीपल के पौधे



**नवापारा-राजिम।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस चौकी चम्पारण द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवीन चौकी परिसर में बरगद एवं पीपल के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चौकी प्रभारी गिरधर गोपाल द्विवेदी ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी किया जाए। कार्यक्रम के दौरान मुंशी रामरतन साहू, पवन मानस, नवीन निर्मलकर सहित जनप्रतिनिधि प्रवीण कल्ला एवं शोभाराम साहू ने पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### तहसीलदार विक्रांत सिंह को दी गई विदाई



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर के स्थानांतरण उपरांत तहसील कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर तहसील परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में नवपदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार एवं तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने श्री राठौर के सरल, सौम्य एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए निरंतर प्रयास किए गए। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री राठौर के साथ बिताए गए अनुभव साझा किए और उनके बेहतर स्वास्थ्य, सुखद भविष्य तथा नई पदस्थापना पर सफलता की कामना की।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील-मैनपुर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं टीकम सिन्हा, उम्र 30 वर्ष, पिता ललित राम सिन्हा, जाति कलार, पता ग्राम जांगड़ा, तहसील-मैनपुर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) यह कि शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता है कि :-

01. यह कि शपथकर्ता टीकम सिन्हा, वार्ड नं. 01, ग्राम जांगड़ा, पोस्ट जांगड़ा, तहसील-मैनपुर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
02. यह कि मैं अपने नाबालिक पुत्री का पुराना नाम भवेरानी सिन्हा से बदलकर नया नाम भवेश्नी करवाना चाहता हूँ।
03. यह कि मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।
04. यह कि मेरी पत्नी श्रीमती संगीता सिन्हा हैं, जो कि हमारे नाबालिक पुत्री के नाम बदलने से उन्हे कोई आपत्ति नहीं है।
05. यह कि शपथपत्र अपने पूरे होश-हवासों में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी में समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन**

मैं टीकम सिन्हा, शपथकर्ता शपथपूर्वक सत्यापित करता हूँ, कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 04 तक में मेरे द्वारा लिखी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सहीं होने से आज दिनांक 07.07.2026 को गवाहों के समक्ष पढ़कर, पढ़ाकर, सुनकर, समझकर एवं सही होना पाकर स्थान मैनपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता**
**टीकम**

## जयंती : भाजपाइयों ने मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



सोमवार को भाजपा के पितृ पुरुष एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म जयंती भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चाप अतिथियों का स्वागत कर डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के योगदान पर प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामूराम साहू,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू,जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सांसद प्रतिनिधि मकसूदन साहू किसान मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य भुनेश्वर साहू, मंडल मंत्री जगदेव सिन्हा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर प्रकाश डालते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जनसंघ के संस्थापक रहे हैं। उनको भाजपा एवं जनसंघ के पित्र पुरुष के रूप में याद किया जाता है। श्री साहू ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का योगदान एवं कार्य हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बहुत ही प्रेरणादाई है। डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सांसद प्रतिनिधि मकसूदन साहू, भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू, भुनेश्वर साहू, हीरामन साहू, मंडल मंत्री जगदेव सिंहा, दौलत राम साहू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## लोहरसी में बूथ स्तर पर मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**सुरसाबांधा।** ग्राम लोहरसी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर बूथ क्रमांक 234 एवं 235 में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताअरं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके राष्ट्रहित, अखंड भारत और जनसेवा के विचारों का स्मरण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी देश के युवाओं एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए, जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उपस्थित कार्यकताअरं ने उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, मंडी अध्यक्ष धनीराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य पोखनलाल साहू, बूथ अध्यक्ष दिलीप शर्मा, बूथ सचिव सोहनलाल साहू, दीपक साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## भाजपा ने खड़मा बूथ पर श्रद्धापूर्वक मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा के तत्वावधान में खड़मा बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मात्र 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे। उन्होंने देशहित में अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया तथा केंद्रीय मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप पांडेय ने डॉ. मुखर्जी के जन्म से लेकर उनके निधन तक के जीवन संघर्ष, राष्ट्रसेवा और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश सिन्हा ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के गुलशन सिन्हा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष रूपेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर तुकाराम सिन्हा, राम सिन्हा, डोमन विश्वकर्मा, कृष्ण यादव, पुष्कर साहू सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**रसेला।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रवादी विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती भाजपा मंडल मलेवाअचल में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, सहसंयोजक भुवेन्द्र मरकाम, मिडिया प्रभारी परमेश्वर यादव, पूजा चौहान, भुवन ध्रुव, बसंत सेन, संतोष साहनी, तीज ठाकुर, घनश्याम सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके देश के प्रति योगदान को याद किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। और कहा कि एक कुशल संगठनकर्ता, राजनीतिक और देश के औद्योगिक विकास को नई पहचान देने वाले व्यक्ति थे, डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित था। इस अवसर पर उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा की जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 6 जुलाई को उनका जन्म 1906 को हुआ। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी न्यायाधीश, शिक्षाविद और कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे। उनका जन्म उस काल में हुआ था जब देश ब्रिटिश शासन की जंजीरों में जकड़ा था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ 33 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। इस पद पर वे चार वर्ष तक रहें। इसके बाद उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। सहसंयोजक भुवेन्द्र मरकाम ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी अनुच्छेद 370 के प्रबल विरोध थे। उन्होंने जम्मू कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत में विलय कराने के लिए संघर्ष किया। मंडल मंत्री पूजा चौहान ने बताया कि वर्ष 1953 में वे कश्मीर गए, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को 51 वर्ष की आयु में श्रीनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी। वे एक देश, एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के समर्थक थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल मलेवाअचल के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



## रानी श्याकुमारी देवी की मनाई गई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जय मां मौली महिला जन सेवा समिति के द्वारा पूर्व जमींदार रानी श्याकुमारी देवी की पुण्यतिथि मौली माता मंदिर परिसर में बड़े ही सौहाद्र पूर्ण माहौल के बीच श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित महिला समिति के सभी सदस्य गण के द्वारा रानी श्याम कुमारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दीं। कार्यक्रम में महिला जन सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती गंगा बाई धुरव ने बताया रानी श्याम कुमारी देवी का जीवन एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।उनका जीवन सेवा त्याग और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने समाज में शिक्षा सामाजिक समरसता तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने उनके बताए आदर्श पर चलने तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के समापन पर दो मिनट का मौन धारण कर रानी श्याकुमारी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जय मां मौली महिला जन सेवा समिति मौली पारा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे जिसमे प्रमुख रूप से श्रीमती डागेश्वरी साहू, सीताबाई निषाद, अमेरिका निषाद इंद्रावती निषाद, बत्ती निषाद, मालती ध्रुव, सुखवती ध्रुव, कामती विश्वकर्मा, सुमन कश्यप, उर्वशी विश्वकर्मा उपस्थित थे।



## संकल्प सेवा संस्थान में सद्भावना दिवस मनाया गया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

संकल्प सेवा संस्थान में शनिवार को सद्भावना दिवस मनाया गया। संस्था में विभिन्न ग्रामों से अध्ययनत सह भोजन निवास दिव्यांग 40 बच्चे की प्रतिभा किसी सामान्य से कम नहीं। उनकी शिक्षक और संस्था संचालक द्वारा जी जा रही तामिल संगीत, खेल, कास्मेटिक समाग्री, खेल समाग्री, इलेक्ट्रॉनिक आइटम बनाने की गजब हूनर है। उन समाग्री का बिक्री हेतु प्रदर्शन रखा गया। आगन्तुक अतिथियों द्वारा उनके समाग्री को खरीद कर प्रोत्साहित किया गया। वहीं इस सद्भावना दिवस के अवसर पर संकल्प सेवा संस्थान नवागांव बुडेनी में छत्तीसगढ़ हेण्डीकेप वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित संस्थान में दिव्यांग बच्चों के बीच में सद्भावना संकल्प दिवस मनाया गया, वहीं बच्चों ने जिला दिव्यांग संघ अध्यक्ष जागेश्वर साहू का जन्मदिन मनाया। दिव्यांग बच्चों के द्वारा गीत भजन प्रस्तुत मन मंत्रमुग्ध कर दिया और इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदनी ओमकार साहू सभापति महिला बाल विकास गरियाबंद, अध्यक्षता रितेश साहू भाजपा मंडल राजिम, प्राधिकृत अधिकारी कौंदकेरा बाबूलाल साहू, मंत्री जिला भाजपा किसान मोर्चा रामाधार साहू गौसेवक समीति फिंगेश्वर ओम प्रकाश साहू, जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोतीराम निषाद सरपंच प्रतिनिधि, भागीरथी सिन्हा, पत्रकार संतोष सोनकर वरिष्ठ पत्रकार, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हैंडिकैप्ड वेलफेयर सोसाइटी योगेश ठाकुर,सुनीता साहू, सारिका साहू कृष्णा साहू, पूजा चंपेश्वर रूपल श्मा, उज्जवल दिव्यांग कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू उपस्थित व शामिल हुए।

## जतमई-घटारानी में उमड़ा जलसैलाब प्राकृतिक सौंदर्य ने मोहा पर्यटकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

प्रदेश व गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिर जतमई का वाटरफॉल बीती रात से हो रही बारिश से चालू हो गया है। जो दर्शकों को लुभाने के लिए काफी है बता दे की बीती रात से हो रही झमाझम बारिश से जहां खेत खलियानों में पानी बह रहा है। तो जतमई व घटारानी जंगल का प्राकृतिक सौंदर्य अपने पूरे शबाब पर है, और यहां का वॉटरफॉल चालू हो गया है। साथ ही पूरी वादियां हरी-भरी हो गई है जहां लोग इन वादियों का लुफ्त उठाने पहुंचेंगे जून के महीने से यह जलप्रपात चालू हो जाता है पर इस बार जुलाई में चालू हुआ है, पर देर सही बारिश आई और पूरे मौसम को सुहावना बना दिया, दर्शणार्थी मौसम का मजा लेते हुए नजर आए यह प्राकृतिक जलप्रपात अनायास ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है जिसका लोग आनंद ले रहे हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते प्रसिद्ध जतमई-घटारानी वॉटरफॉल पूरी रौद्र और भव्यता के साथ बह रहा है। झरने में पानी का स्तर काफी बढ़ जाने से विशाल जलधारा चट्टानों से गिरते हुए मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रही है। दूर-दूर से पहुंचे पर्यटक इस अद्भुत प्राकृतिक नज़ारे का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। बारिश के बाद हरे-भरे जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित जतमई-घटारानी वॉटरफॉल का सौंदर्य अपने चरम पर है। तेज़ गति से गिरता पानी और चारों ओर फैली हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।



**जोखिम भरी सेल्फी प्रतिबंधित-** पर्यटक इस मनोरम दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। हालांकि, प्रशासन ने बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, तेज़ बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें तथा सेल्फी लेने या चट्टानों के किनारे खड़े होने जैसी जोखिम भरी गतिविधियों से दूर रहें। मानसून के इस मौसम में जतमई-घटारानी वॉटरफॉल का अद्भुत और मनोहारी स्वरूप प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खरोरा सोसायटी में मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में 7 जुलाई को चावल उत्सव मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाना है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति के सदस्यों और सेल्समैन सपना रजक व समेत हितग्राहीगण मौजूद रहे। बता दें कि इस महीना 7 जुलाई को चावल मनाया गया। राशन कार्डधारी परिवारों को बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण अंगूठा लगाकर जुलाई महीना का चावल वितरित किया जा रहे हैं।

### 90 विधानसभा क्षेत्र में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी आप: संजय

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने नकटी गांव में हुई बुलडोजर कार्यवाही को गरीब किसान और आम नागरिकों के सम्मान के सम्मान पर सीधा हमला बताया है। आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि बुधवार 8 जुलाई को प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में एक साथ प्रदेशव्यापी अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे।

### झलप में सिद्धार्थ ध्यान योग का हुआ समापन

**महासमुंद।** समर्थगुरु धारा के अंतर्गत आयोजित सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का आयोजन झलप में 3 से 5 जुलाई तक किया गया। जिसमें नवीन 22 तथा रिपीटर 20 साधकों ने भाग लिया। उन्होंने योग शिविर में ध्यान की बारीकियां का ज्ञान प्राप्त किया। योग शिविर में आचार्य संतोष चंद्रा ने बुद्ध की अष्टांगी मार्ग की चर्चा कर उनके द्वारा प्रतिपादित विभिन्न नियमों का ज्ञान प्रदान कर नाद की दीक्षा प्रदान किया। आचार्य मां रितु ने अष्टांगिक मार्ग पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किया। आचार्य देवगीत ने ध्यान की विधि पर चर्चा किया।

**बारिश : महानदी, पैरी और सोंढूर में तेज प्रवाह, लक्ष्मण झूला मार्ग फिलहाल सुरक्षित**

# बाढ़ की धार से कुलेश्वर मंदिर घिरा एनीकट के ऊपर से भी बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में पहली ही अच्छी बारिश ने प्रकृति का ऐसा मनोहारी रूप दिखाया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। महानदी, पैरी और सोंढूर-तीनों नदियां एक साथ लबालब होकर बहने लगी हैं। संगम नगरी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है और चारों ओर ऐसा दृश्य दिखाई दे रहा है, मानो बरसात अपने पूरे यौवन पर पहुंच गई हो। जलधारा के तेज प्रवाह और नदी के विस्तृत फैलाव ने राजिम के घाटों की सुंदरता को और भी आकर्षक बना दिया है। पहली ही बारिश में तीनों नदियों में इतना पानी आ जाएगा, इसका अनुमान स्थानीय लोगों को भी नहीं था। लगातार दो दिनो तक हुई वर्षा के बाद तीनों नदियों में तेज धार प्रवाहित होने लगी है। संगम स्थल पर पानी का विस्तार बढ़ गया है और दूर-दूर तक सिर्फ जलराशि ही दिखाई दे रही है। हालांकि अभी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन नदी का प्रवाह सामान्य दिनों की तुलना में काफी तेज और प्रभावशाली हो गया है। संगम के बीच स्थित भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर चारों ओर से पानी की धार से घिर चुका है।

**किसानों के खिले चेहरे, प्रशासन ने जारी की सुरक्षा अपील-** यही संगम आगे चलकर विशाल महानदी के रूप में प्रवाहित होता है, जो छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदी मानी जाती है। पहली बारिश ने जहां किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है, वहीं राजिम की प्राकृतिक सुंदरता में भी चार चांद लगा दिए हैं। संगम क्षेत्र में इन दिनों सुबह से शाम तक लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस वर्ष मानसून की शुरूआत उत्साहजनक रही है और यदि इसी तरह बारिश होती रही तो खेती-किसानी के साथ-साथ जलस्त्रोत भी भरपूर रहेंगे। वहीं प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि तेज बहाव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नदी के भीतर न उतरें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।



मंदिर तक पहुंचने वाला दृश्य अत्यंत मनमोहक बन गया है। श्रद्धालु और पर्यटक इस अदभुत नजारे को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। मंदिर के चारों ओर बहता निर्मल जल राजिम की प्राकृतिक और धार्मिक आभा को और अधिक दिव्य बना रहा है। महानदी में बने सभी एनीकट पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं।

## रामपुर-भुजियामुड़ा, बरनाला नदी पर पुल नहीं, ग्रामीण को आवागमन में हो रही मुश्किल



**रसेला।** आजादी के 70 साल बाद भी ग्राम पंचायत भुजियामुडा के आश्रित ग्राम रामपुर, भुजियामुडा तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया गया है। मगर गांव तक पहुंचने वाली बरनाला नदी पर आज तक पुल नहीं बना है जिससे बारिश के दिनों में आने जाने में बहुत परेशानी होती है। तथा बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाने से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। बरसात भर भय की आंशका बनीं रहतीं हैं। बरसात के दिनों में इसी नाले पार करके बच्चे विद्यालय पढ़ने जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने की भय बना रहता है। साथ ही साथ आपातकाल में सजिवनी 108 व महतारी 102 गाड़ी गांव तक नहीं पहुंच पाता, इस स्थिति में मरीजों को खाट में लिटाकर नाला पार कर वाहनों में ले जाया जाता है। मूख्य मार्ग मदनपुर से मेन सडक छुरा को जोड़ती है जो बरसात में आवागमन बंद हो जाता है। ग्राम पंचायत भुजियामुडा में राशन दुकान संचालित है जो बरसात के दिनों में 5 - 6 माह का चावल संग्रहण किया जाता है जो पहुंच विहीन दुकान में आश्रित ग्राम रामपुर के हितग्राहियों को अपने राशन ले जाने संभव नहीं हो पाता और भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज भी रामपुर और भुजिया मुडा के लोग पुल पुलिया के लिए तरस रहे हैं। किसानों को भी बीज,खाद और अन्य सामग्री के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण और ग्रामवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर विभागीय अधिकारियों को गुहार भी लगाते रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उनसे सिर्फ आश्वासन ही मिला, बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को होती है। अचानक रात में किसी की तबीयत बिगड़ जाता है तो अस्पताल पहुंचने तक मरीज़ को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। गांव के लोग पुल के कारण अनेक समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि सरकार केवल विकास का ढोल पिट रहा है। उनके गांव तक आएं तो विकास की असलियत दिख जाएंगी।

## वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में महाविद्यालय के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के लिए /"वित्तीय साक्षरता/" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों में वित्तीय जागरूकता का विकास करना तथा उन्हें व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन एवं सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मधुरानी शुक्ला के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने स्वागत उदबोधन में वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त एवं जागरूक नागरिक ही सुरक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में की विशेषज्ञ टीम ने सहभागिता की। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन, आय-व्यय प्रबंधन, बचत एवं निवेश के विभिन्न विकल्प, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, ऑनलाइन लेन-देन की सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, बीमा योजनाएँ, पेंशन योजनाएं तथा शासन की विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। साथ ही डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## पक्तियां विद्यालय में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



विकासखंड छुरा की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पक्तियां में शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के सदस्यों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षकों ने कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुस्तक भेंट कर, चंदन-गुलाल का तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री गिरवर लाल ध्रुव ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना एवं परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उदेराम साहू ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने का संदेश दिया, जबकि उपसरपंच बृजमोहन तारक ने विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, परिश्रम, समयपालन, विनम्रता और स्वच्छता जैसे पांच गुणों के महत्व पर प्रकाश डाला। सरपंच लता ध्रुव ने पालकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय की दैनिक गतिविधियों की जानकारी लेते रहें तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती लता ध्रुव, उपसरपंच बृजमोहन तारक, कंवल सिंह ध्रुव, उदेराम साहू, हेम सिंह ध्रुव, रामनाथ साहू, भूपेंद्र ध्रुव,राजदुलारी ध्रुव,सुनैना ध्रुव, नंदनी साहू, बसंता ध्रुव, निर्मला साहू, फैटकन ध्रुव, शिक्षिका सुश्री ममता ध्रुव, कन्हैया मंडल, धामेश्वर साहू, गुरुदेव भास्कर, स्वीपर उमेश, भागीरथी तथा रसोइया देवकी, पूर्णिमा, सोनी एवं तिजमत सहित बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक जागेश्वर राम ध्रुव ने किया।

## पटवारी संघ गोबरा नवापारा के उत्तम चंद्राकर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम



राजस्व पटवारी संघ तहसील गोबरा नवापारा के नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में उत्तम चंद्राकर अध्यक्ष, नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार पटेल सचिव, कोषाध्यक्ष, तेजेंद्र प्रकाश पटेल कोषाध्यक्ष, लेखली कवर सह सचिव, यवनीस गजेन्द्र प्रवक्ता, जेठूराम ध्रुव, विश्वनाथ साहू एवं नंदकुमार साहू को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्वाचन के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, राजस्व पटवारियों के हितों की रक्षा तथा विभागीय कार्यों में समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



### शिक्षा ही जीवन का सार है: दुबे

**फिंगेश्वर।** नगर के लालपुर वार्ड में शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद जगदीश यदु के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों के माथे में तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर जगदीश यदु ने कहा कि शाला उत्सव कार्यक्रम एक शासकीय कार्यक्रम है जिसे सभी स्कूलों को मनाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया जाता है वहीं पर उन्हे स्कूल आने के लिए प्रेररित किया जाता है।गांव को कोई भी उम्रदराज बच्चा शिक्षा से वंचित न हो वहीं पर शाला मे नियमित बच्चों की उपस्थिति दर्ज हो।आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।शिक्षा का आधार है ही जीवन का सार है।बच्चा जब शिक्षित होगा तो निश्चित ही उसका सर्वांगिण विकास होगा।सभी बच्चे नियमित शाला आवे एवं नियमित पढ़ाई करे। इस अवसर पर शिक्षिका दिव्या यादव सहित पालकगण एवं जनभागीदारी समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाना मुख्य संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के देवभोग विकास में गांड़ा समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। गाड़ा समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज को संगठित रख नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। निर्वाचन प्रणाली में शेष नारायण सोनवानी अध्यक्ष चुने गए थे। देवभोग में विकासखंड स्तरीय निर्वाचित गाड़ा समाज पदाधिकारियों ने आज शपथ ग्रहण किया। आयोजन में अतिथि के रूप में समाज के सेवानिवृत्त अफसरों को आमंत्रित किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में तेजराम जगद्दले, विशेष अतिथि के रूप में के एल चौहान ,बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं समाज के पूर्व पदाधिकारी सुखचंद बेसरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव में डीएफओ के रूप में पदस्थ स्थानीय निवासी अशोक सोनवानी ने किया,विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नाग, बंसी तांडी के मौजूदगी में शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।बाबा भीमराव अंबेडकर की पूजा अर्चना के बाद संविधान को साक्षी मानकर शपथ ग्रहण शूर हुआ। नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष शेष नारायण सोनवानी ने शपथ लेते ही अपने सम्बोधन में समाज को संगठित रख नई ऊंचाई तक पहुंचाने का संकल्प को दोहराया। इसके बाद बारी- बारी से सभी पदाधिकारियों ने शपथ लिया। सामाजिक संगठन में निर्वाचित सचिव यशवंत बघेल कोषाध्यक्ष दिगम्बर स्वर्ण ,उपाध्यक्ष देवनाथ बघेल, निराकार डोंगरे, मानसिंह दुर्गा, शैलेन्द्री डोंगरे, महिला पदाधिकारी में महिला ब्लॉक अध्यक्ष शुक्रवारी नागेश, सगंठन प्रभारी लक्ष्मी डोंगरे, महिला सचिव तुलसी प्रधान को अतिथियों ने शपथ दिलाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

**अधिकारी बोले- आधा एकड़ में अवश्य करें जैविक धान की खेती**

## रासायनिक खादों से बेजान हो रही खेतों की मिट्टी, विभाग ने दी प्राकृतिक खेती की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशको के अत्यधिक उपयोग से खेतों की मिट्टी दिन ब दिन बेजान होती जा रही है, और इससे तैयार फसलें सेहत के लिए भी खतरा बनती जा रही है, अब किसानों को एक बार फिर प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना चाहिए। भावेश कुमार शांडिल्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि रासायनिक खाद का कीमत भी अधिक है, उनका असंतुलन तरीके से उपयोग के कारण जमीन की भौतिक एवं रासायनिक स्थिति में परिवर्तन हो रहा है। जिसके कारण अधिक खाद डालने पर भी उत्पादन नहीं बढ़ रही है । इसलिए सभी किसानों को जैविक खेती करने की सलाह दी गई। सभी किसान कम से कम आधा एकड़ में अपने खाने के लिए जैविक तरीके से धान की खेती करें। अपने विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में किसानों से करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी किसानों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर, संजय बघेल ने कहा कि इस दिशा में जीवामृत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ ही फसलों की गुणवत्ता भी सुधारती है।

### स्वाद पोषण और पैदावार में सुधार



जीवामृत, एक पूर्णतः जैविक खाद है, जो खेत की मिट्टी को फिर से सक्रिय और उर्वर बनाता है। यह खेती को रासायनिक निर्भरता से मुक्त कर एक हरित और टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है। खास बात है कि इसे किसान घर पर ही कम लागत में आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने की विधि बेहद सरल है और इसके लिए आवश्यक सामग्री भी आसपास से ही जुटाई जा सकती है। 10 किलो देसी गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो बेसन, 2 किलो गुड़ के साथ थोड़ी मात्रा में पीपल या बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी और 200 लीटर पानी और एक ड्रम में इन सभी को ड्रम में मिलाकर, लकड़ी की छड़ी से घड़ी की दिशा में घुमाएं, और मिश्रण को दो दिन तक ढंककर रखें। इसके बाद इस घोल को स्प्रे या सिंचाई के जरिए खेतों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या को बढ़ाता है, जो मिट्टी की उर्वरता में अहम भूमिका निभाते हैं।

आवश्यकता है

परमेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल

तर्री (नवापारा-राजिम) जिला रायपुर (छ.ग.) 493885

| क्र. | पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता कला | बी.ए. / एम.ए. | बी.एड. | 2 |
| 2. | सहायक शिक्षक / शिक्षिका | 12वीं गणित / विज्ञान | डी.एड. | 3 |
| 3. | आया दीदी | 5वीं / 8वीं | - | 2 |

नोट : वेतन योग्यतानुसार तथा प्रशिक्षण एवं अनुभव के आधार पर देय होगा।

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंकसूचियों की छायाप्रति, एक पासपोर्ट फोटो के साथ शाला कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं संपर्क करें।

विशेष : रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता हैं।

प्राचार्य
बी.आर. यादव
9340271808

कार्यालय प्रमुख
एस.ताम्रकार
9039365837